पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राज्यपाल ने आचार्य नरेन्द्र देव कृषि विश्वविद्यालय, अयोध्या को नैक मूल्यांकन में 'ए प्लस प्लस' ग्रेड प्राप्त होने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं

लखनऊ : 31 मई, 2024

प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आचार्य नरेन्द्र देव कृषि विश्वविद्यालय, अयोध्या को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) द्वारा किए गए निरीक्षण एवं मूल्यांकन में 'ए प्लस प्लस' (3.53) सी.जी.पी.ए. ग्रेड प्राप्त होने पर हार्दिक बधाई और निरंतर उन्नयन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

यहाँ बताते चलें कि देश के सभी कृषि विश्वविद्यालयों में यह विश्वविद्यालय नैक का सर्वोच्च ग्रेड 'ए प्लस प्सल' पाने वाला देश का पहला कृषि शिक्षण संस्थान बन गया है। इससे पूर्व चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर ने 'बी प्लस' ग्रेड हासिल करके देश के सभी 74 कृषि शिक्षा के संस्थानों में सर्वप्रथम नैक ग्रेडिंग प्राप्त करने की उपलब्धि प्राप्त की थी। नैक का उच्चतम ग्रेड हासिल करके आचार्य नरेन्द्र देव कृषि विश्वविद्यालय, अयोध्या देश के प्रमुख शीर्ष शिक्षण संस्थानों में शामिल हो गया है।

यहाँ उल्लेखनीय है कि राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी द्वारा गुणात्मक सुधारों के लिए निरंतर समीक्षा के बाद से विश्वविद्यालय ने शिक्षा, शोध एवं प्रसार में अभूतपूर्व प्रगति की है। राष्ट्रीय कृषि शिक्षा बोर्ड से मूल्यांकन, आईसीएआर एवं एनआईआरएफ रैंकिग में सफलता, आई.क्यू.ए.सी., शैक्षणिक प्रबंधन प्रणाली एवं ई–गवर्नेंस प्रणाली की स्थापना, विश्वविद्यालय में नए पाठ्यक्रमों एवं गोंडा में कृषि महाविद्यालय की शुरुआत, 579 नए विषयों का संचालन एवं 52 प्रतिशत पाठ्यक्रमों में स्थानीय एवं वैश्विक आवश्यकतानुसार संशोधन, नई शिक्षा नीति के तहत 51 मूल्य–वर्धित पाठ्यक्रम की शुरुआत, 52 आई.सी.टी आधारित कक्षाओं की स्थापना, 19.84 प्रतिशत छात्रों का अधिक प्रवेश, अच्छी रैंकिग से विश्वविद्यालयों में बढ़ी विदेशी छात्रों की संख्या, विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय स्तर की आधुनिक प्रयोगशालाओं की स्थापना, उच्च कोटि की 19 प्रजातियों का विकास, ढाई गुना अधिक बीज का उत्पादन, छात्रों के लिए एन.एस.एस. एवं एन.सी.सी. की स्थापना, आधुनिक सुविधाओं से लैस खेल परिसर की स्थापना, कौशल विकास कार्यक्रमों की शुरुआत, 120 शिक्षकों, 76 विषय वस्तु विशेषज्ञों की नियुक्ति, 180 दैनिक कर्मियों का विनियमितीकरण, कृषि विज्ञान केंद्रों का सुदृणीकरण, हजार किलोवाट सोलर पैनल की स्थापना, विवि का आई.एस.ओ सर्टिफिकेशन तथा एनर्जी क्लीन ग्रीन ऑडिट, विभिन्न सामाजिक कार्य, टीवी उन्मूलन, पराली प्रबंधन, थारू जनजाति उत्थान, जल संचयन के लिए 29 तालाबों का निर्माण, श्रीअन्न जैसी तमाम उपलब्धियां विश्वविद्यालय ने हासिल की है।

इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए राज्यपाल ने प्रदेश के उच्च शिक्षा संस्थानों द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकनों में प्राप्त हो रही उल्लेखनीय सफलताओं पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों को ऐसी उपलब्धियां प्राप्त होने से शिक्षा के लिए प्रदेश के विद्यार्थियों का पलायन रुकेगा। इसके साथ ही इससे प्रदेश के उन विद्यार्थियों को भी उच्च ग्रेड के विश्वविद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करने का लाभ प्राप्त होगा जो आर्थिक कारणों से बाहर जाकर शिक्षा ग्रहण करने में असमर्थ हैं।

——————

संपर्क :
डा0 सीमा गुप्ता,
सहायक निदेशक,
कृष्ण कुमार, सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र— 8318116361